आकाशवाणी चंडीगढ़

22 दिसंबर 2024, समय 1810

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए ऐतिहासिक निर्णय लेने जरूरी है।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का फैसला देश में विकास की गति को करेगा।
- केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान से जुड़ने का आहवान किया है।
- हरियाणा में 100 दिवसीय विशेष टी बी मुक्त भारत अभियान के दौरान 18 दिसंबर तक 83 हज़ार टी बी पीड़ित मिले हैं।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया।

*******************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि भारत विकसित राष्ट्र बने और इसके लिए ऐतिहासिक निर्णय लेने जरूरी है। एक राष्ट्र एक चुनाव का फैसला भी देश में विकास को गति प्रदान करेगा।

मुख्यमंत्री आज अपने कुरुक्षेत्र की पिहोवा व लाडवा विधानसभाके दौरे के दौरान लड़वा में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। काँग्रेस द्वरा एक राष्ट्र एक चुनाव के फैंसले के विरोध पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस नहीं चाहती कि देश का विकास हो। काँग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन

खरगे के एक ट्वीट पर परटोक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि जब धारा 370 हटाई गई थी तब भी खड़गे साहब ने ट्वीट किया था परंतु धारा 370 हटाने के बाद जम्मू कश्मीर में अब तेजी से विकास होने लगा हैं।

उन्होंने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की थी तब भी उन्होंने विरोध किया था। कांग्रेस द्वारा संविधान को मुद्दा बनाने और संसद में दो सांसदों के घायल होने की घटना संबंधी पूछे एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा --

मुख्यमंत्री पिहोवा के गांव चनालहेडी में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के निवास पर भी गए । पिहोवा में वह कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के निवास स्थान पर पहुंचे और उनसे मुलाकात की इस दौरान उन्होंने गांव तल्हेड़ी में गांव से गुजरते हुए अपना काफिला रोक कर लोगों की समस्याओं को भी सुना।

इसके साथ ही मुख्यमंत्री नायब सैनी लाडवा में भी पहुंचे यहां पर उन्होंने जन समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जन समस्याएं सुनना अधिकारियों का कर्तव्य है और उनका निवारण भी तुरंत करें । मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार पर हमारी सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है और कहीं पर भी लापरवाही बरती गई तो कार्रवाई होगी इसके साथ ही अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाएगा।

*******************************************************

केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और केन्द्रीय रिजर्व बल के जवानों के साथ नई दिल्ली में रविवार फिट इंडिया साइकिल अभियान में हिस्सा लिया। श्री मांडविया ने जवानों के साथ मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम से रायसीना हिल तक साइकिल

चलाई।

संवाददाताओं से बातचीत में श्री मांडविया ने कहा कि पूरा देश स्वयं को स्वस्थ रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस अभियान से जुड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान देशभर में एक हजार एक सौ से ज्यादा स्थानों पर आयोजित किया गया है। श्री मांडविया ने कहा कि साइकिल चलाना सबसे अच्छा व्यायाम है। इससे लोग स्वस्थ रहते हैं और यह प्रदूषण के समाधान का भी कारगर उपाय है।

श्री मांडविया ने इस पहल में ज्यादा से ज्यादा लोगों के शामिल होने की अपील की।

*******************************************************

हरियाणा में 100 दिवसीय विशेष टी बी मुक्त भारत अभियान के दौरान आबादी के हर उस वर्ग की टी बी जांच की जा रही है जिनके टी बी की चपेट में आने की संभावना है। जांच में वृद्धि और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के चलते दिसंबर माह में अभी तक लगभग 3000 टी बी के मरीज मिले है। इस वर्ष प्रदेश में 18 दिसंबर तक 83000 से अधिक लोग टी बी से पीड़ित पाए गए हैं जिनको इलाज के साथ हर सुविधा दी जा रही है ।टी बी के नोडल अधिकारी डॉ हितेश कुमार ने बताया कि सरकार टी बी मरीजों को निक्षय मित्रों के माध्यम से मदद कर रही है। पहले निक्षय मित्रों द्वारा टी बी मरीज को राशन और खुराक दी जाती थी लेकिन नई नीति के तहत मरीज के परिवार के सभी सदस्यों को पौष्टिक तत्वों से युक्त राशन दिया जा रहा है।

आकाशवाणी समाचार ने हरियाणा में निक्षय मित्र का दायित्व निभा रहे कुछ लोगों से बातचीत की।

इस अभियान के दौरान हरियाणा सरकार ने मार्च तक प्रदेश के 1800 गांवों को टी बी मुक्त करने का लक्ष्य ते किया है ।

*******************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस को व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की कुर्बानी की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी।मुख्यमंत्री के ओ एस डी डा. प्रभलीन सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार ने इसकी रूपरेखा तैयार कर ली है।26 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में गुरद्वारा छठी पातशाही में बाल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शिरकत करेंगे।उन्होंने बताया कि प्रदेश के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों में साहिबजादो की कुर्बानी से संबंधित विषय पर सेमीनार का आयोजन किया जाएगा। सभी सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में निबंध लेखन, भाषण व पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।इसके अलावा मुख्यमंत्री का साहिबजादों की कुर्बानी के बारे में संदेश भी प्रसारित किया जाएगा।

*******************************************************

हरियाणा के पलवल में जिले में 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान" की शुरुआत हो गई है । देश भर में चलाया जा रहा यह अभियान ग्रामीण विकास और लोगों को बेहतर □ग से प्रशासनिक सेवाएं मुहैया कराए जाने पर केंद्रित है। पलवल के उपयुक्त हरीश वशिष्ठ ने बताया कि जिले में कल नवाचार पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला में संस्थानों के डिजिटल परिवर्तन और नागरिकों के डिजिटल सशक्तिकरण के उद्देश्य से नवाचारों पर ध्यान केंद्रित किया

जाएगा।उपयुक्त ने 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन से सुशासन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह के दौरान जनता की शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के लिए 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों का संकलन, प्रचार-प्रसार तथा तथा सार्वजनिक शिकायतों के समाधान की सफलता की कहानियों संबंधित विभागों द्वारा पोर्टल पर अपलोड भी की जाएगी। उपयुक्त ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के अंत्योदय केंद्रों में आने वाली शिकायतों का समाधान भी तय समय अनुसार किया जाएगा।